कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम—शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788—2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांकः— 05.10.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //
गर्ल्स कॉलेज में
गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में इतिहास विभाग एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

भाषण प्रतियोगिता के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि — महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक है और युवा पीढ़ी को गांधी के विचारों को जानने की तथा समझने की आवश्यकता है।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने भी गांधी जी के व्यक्तित्व व कार्य प्रणाली की चर्चा करते हुये कहा कि गांधी जी के आदर्शों पर चलकर हम बहुत सारी समस्याओं को आसानी से सुलझा सकते है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर, विभागाध्यक्ष नृत्य, द्वारा किया गया। भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने गांधी जी की बुनियादी शिक्षा व नैतिक मूल्यों पर अपने विचार रखे।

भाषण प्रतियोगिता में बी.कॉम. प्रथम वर्ष की कु. आर्या अवस्थी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि कु. प्रेक्षा यादव द्वितीय स्थान पर रहीं। तृतीय स्थान पर कु. साक्षी जांगड़े व तृप्ति साहू रही।

पोस्टर प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की कु. आशा साहू प्रथम तथा रिया बारले एवं माया साहू द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर वसुन्धरा साहू एवं जयंती रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. ऋचा ठाकुर, कु. तृप्ती खरे, कु. डिम्पल साहू रही। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती वंदना ने किया।

कार्यक्रम के संयोजन में लावेन्द्र साहू, कु. मधु पाण्डेय, श्री रुपेश साहू ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थे।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित